**झारखण्ड सरकार**
**पथ निर्माण विभाग**

पत्रांक – प0नि0वि0 / 06–योजना–50 / 2025 –                   दिनांक–

## स्वीकृत्यादेश

सेवा में,

**प्रधान महालेखाकार (ले0 एवं ह0),**
झारखण्ड,
हिनू, रांची।

विषयः– **पथ प्रमण्डल, चतरा अंतर्गत** ''IRQP Work of Hunterganj-Pandeypura-Pratappur (MDR-246) Road **(कुल लंबाई–29.75 कि0मी0) कार्य'' हेतु कुल राशि रू0 17,83,70,500 / – (सतरह करोड़ तिरासी लाख सत्तर हजार पाँच सौ रू0) मात्र के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में।**

**आदेशः–** उपर्युक्त कार्य के लिए कुल रू0 **17,83,70,500 / – (सतरह करोड़ तिरासी लाख सत्तर हजार पाँच सौ रू0)** मात्र की लागत पर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. प्रस्तावित पथ का स्वामित्व पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, चतरा के अधीन है। यह पथ NH-22 में अवस्थित हंटरगंज प्रखण्ड मुख्यालय को प्रतापपुर प्रखण्ड से जोड़ती है। वर्त्तमान में पथ की स्थिति जर्जर है। अतएव कार्यहित में उक्त पथ के उन्नयन हेतु राईडिंग क्वालिटी में सुधार (Improvement of Riding Quality) कार्य कराया जाएगा।

3. इस निर्माण कार्य में होने वाला व्यय झारखण्ड सरकार के पथ निर्माण विभाग के व्यय शीर्ष– ''मुख्य शीर्ष–5054–सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय, उप मुख्य शीर्ष–03–राज्य राजमार्ग, लघु शीर्ष–337–सड़क निर्माण कार्य / उप शीर्ष–01–वृहद सड़कें, विस्तृत शीर्ष–05–निर्माण–45–निर्माण कार्य'' के अन्तर्गत विकलनीय होगा।

4. इस राशि के निकासी एव व्ययन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, चतरा होंगे, तथा इस राशि की निकासी कोषागार, चतरा से की जायेगी।

5. इस कार्य को निम्न वित्तीय एवं भौतिक लक्ष्य के अनुरूप पूरा किया जाएगाः–

| वित्तीय वर्ष | वित्तीय लक्ष्य | भौतिक लक्ष्य |
|---|---|---|
| 2025–26 | रू0 1783.705 लाख | 100% |

6. मुख्य अभियंता (या0), पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची इस कार्य की प्रगति की समीक्षा प्रतिमाह नियमित रूप से करेंगें।

7. निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी की यह जिम्मेवारी रहेगी, अगर वे यह देखें कि यदि ऐसी कोई योजना या कार्य के विरूद्व राशि व्यय की जा रही है जिसे दूसरे श्रोत से राशि मिल रही है या मिलने जा रही है तो इसकी निकासी को रोककर इसके निराकरण हेतु सूचना संबंधित पदाधिकारी तथा विभाग को देगें।

8. प्रस्ताव पर माननीय विभागीय (मुख्य) मंत्री की स्वीकृति प्राप्त है।

9. प्रस्ताव पर योजना मंत्री का अनुमोदन प्राप्त है।

10. इस पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

**सरकार के संयुक्त सचिव,**
पथ निर्माण विभाग,
झारखण्ड, राँची।

ज्ञापांक– प0नि0वि0/06–योजना–50/2025 –4783(S) दिनांक–17/12/2025

**प्रतिलिपि:–** मुख्य अभियंता (याता0) पथ निर्माण विभाग, राँची/मुख्य अभियंता, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, राँची/अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, हजारीबाग/कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, चतरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. इस स्वीकृति में गुणवत्ता नियंत्रण हेतु राशि का प्रावधान सम्मिलित नहीं है ।
3. इस स्वीकृति में आकस्मिकता व्यय की राशि सम्मिलित है, जिसके आवंटन हेतु अधियाचना के साथ उचित प्रयोजन दर्शाया जाना आवश्यक होगा।
4. संबंधित कार्यपालक अभियंता की यह जिम्मेवारी होगी कि IRQP संबंधी प्रावधानों का अनुपालन करना सुनिश्चित कर ली जाय।
5. मुख्य अभियंता (या0), पथ निर्माण विभाग, राँची कार्य की अद्यतन प्रगति की समीक्षा कर प्रतिमाह अभियंता प्रमुख को प्रतिवेदन समर्पित करेगें।

16/12/2025

**सरकार के संयुक्त सचिव,**
पथ निर्माण विभाग,
झारखण्ड, राँची।

ज्ञापांक– प0नि0वि0/06–योजना–50/2025 –4783(S) दिनांक–17/12/2025

प्रतिलिपि :– मुख्य सचिव, झारखण्ड, राँची/विकास आयुक्त, झारखण्ड, राँची/मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव, झारखण्ड, राँची/प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग, झारखण्ड, राँची/प्रधान सचिव, पथ निर्माण विभाग झारखण्ड, राँची/सचिव, वित्त विभाग, झारखण्ड, राँची/आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, झारखंड, राँची/उपायुक्त, चतरा/संयुक्त सचिव, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड राँची/आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची/उप सचिव, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची/उप सचिव (प्र0) पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची/कार्यपालक अभियंता (अनुश्रवण), मुख्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची/कार्यपालक अभियंता (योजना एवं अन्वेषण), मुख्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची/कार्यपालक अभियंता, मु0, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची/योजना पदाधिकारी, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची/ सहायक अभियंता (मुख्यालय), पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची/अवर सचिव, प्रशाखा–12, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची एवं सम्बन्धित प्रशाखा पदाधिकारी को (पाँच प्रतियों में) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16/12/2025

**सरकार के संयुक्त सचिव,**
पथ निर्माण विभाग,
झारखण्ड, राँची।

ज्ञापांक– प0नि0वि0/06–योजना–50/2025 –4783(S) दिनांक–17/12/2025

प्रतिलिपि:– प्रधान महालेखाकार (अंकेक्षण), झारखण्ड, राँची/कोषागार पदाधिकारी, चतरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16/12/2025

**सरकार के संयुक्त सचिव,**
पथ निर्माण विभाग,
झारखण्ड, राँची।

ज्ञापांक– प0नि0वि0/06–योजना–50/2025 –4783(S) दिनांक–17/12/2025

प्रतिलिपि:– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–6, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची को सभी सम्बन्धित को ई–मेल (E-mail) से भेजने एवं ई–प्रोक्योरमेंट सेल, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, रांची को वेबसाईट www.jharkhand.gov.in/road पर upload करने हेतु प्रेषित।

16/12/2025

**सरकार के संयुक्त सचिव,**
पथ निर्माण विभाग,
झारखण्ड, राँची।